'चक दे इंडिया' से काटे गये थे 6 दिन के सीन्स : विद्या मालवडे



मुंबई (एजेंसी)। यह साल अभिनेत्री विद्या मालवडे के लिए नए अनुभवों और नए माध्यमों को आजमाने वाला रहा है। उन्होंने स्टोरी टीवी की माइक्रोड्रामा सीरीज स्कैम 2024 : द डिजिटल अरेस्ट स्टोरी से इस प्लेटफॉर्म पर कदम रखा, वहीं म्यूजिकल शो मेरी गो राउंड- लेट्स ब्लेम इट ऑन बालीवुड के जरिए थिएटर में अभिनय किया।

विद्या मालवडे कहती हैं कि नये अनुभवों से गुजरना हर कलाकार ही नहीं, बल्कि हर व्यक्ति के लिए जरूरी है। माइक्रोड्रामा के ऑफर पहले भी आए थे, लेकिन उस समय मुझे इस माध्यम की बहुत ज्यादा समझ नहीं थी, इसलिए गंभीरता से नहीं लिया। जब स्कैम 2024 की कहानी आई तो उसका विषय मुझे बहुत प्रासंगिक लगा। मेरे घर में भी ऐसा फ्रॉड हो चुका है। हम अक्सर सोचते हैं कि यह घटनाएं हमारे साथ नहीं होंगी, लेकिन एक छोटी सी गलती हमारी सारी जमा-पूंजी खत्म कर सकती है।

लक्ष्य सेन का शानदार प्रदर्शन जारी



कुमामोतो (एजेंसी)। भारत के अनुभवी खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शुक्रवार को कुमामोतो मास्टर्स जापान सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। लेकिन किदांबी श्रीकांत एक बार फिर उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे और सीधे गेम में हारकर से बाहर हो गए। विश्व के 13वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य ने 40 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल मैच में जापान के युशी तनाका को 21-16, 21-15 से पराजित किया। इस भारतीय खिलाड़ी के लिए यह जीत बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि उन्हें चीन में होने वाले सत्र के आखिरी टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई करने के लिए बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर रैंकिंग के शीर्ष आठ में जगह बनानी होगी।

अखिलेश का सीएम योगी पर तंज

लखनऊ (एजेंसी)। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यूपी के सीएम को पहले से ही पता चल जाता है कि वोट कैसे कट जाता है।अखिलेश यादव ने कहा कि मैं इसलिए ऐसे बोल रहा हूं कि उनको कैसे जानकारी हो गई कि एक करोड़ 27 लाख वोटर कट गए। अखिलेश यादव ने कहा कि अगर वास्तव में 1.27 करोड़ हिंदू मतदाताओं के नाम गायब हैं तो भाजपा की यह बैठक इसी वजह से हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा उन वोटों को लेकर रणनीति बना रही है, जो लोगों के दूसरे स्थानों पर चले जाने या फर्जी नाम दर्ज होने के कारण मतदाता सूची से हटाए गए हैं। अखिलेश ने दावा किया कि भाजपा मध्य प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड समेत दूसरे राज्यों से लोगों को लाकर मतदाता बनवाने की तैयारी कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि इसके लिए ऐसे लोगों को शामिल करने की योजना बनाई जा रही है, जिनका नाम पहले से पंजीकृत नहीं है। सपा अध्यक्ष ने भाजपा की बैठक और मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर पार्टी की रणनीति पर सवाल उठाए।



'नीतीश सेतु' नामकरण बिहारके विकासमें नीतीश कुमार की ऐतिहासिक भूमिका का सम्मान : चंदन कु. सिंह

गयाजी। कच्ची दरगाह-राघोपुरख़बिदुपुर छह लेन महासेतु को 'नीतीश सेतु' नाम दिए जानेपर खुशी व्यक्त करते हुए जद यू के वरिष्ठ नेता चंदन कुमार सिंह ने कहा कि यह नाम बिहार की विकास यात्रा के एक ऐसे दौर की याद दिलाएगा, जिसने राज्यकी तस्वीर और



तकदीर बदलनेमें अहम भूमिका निभाई। उन्होंने इस निर्णय के लिए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के प्रति हृदय से आभार जताया।उन्होंने कहा कि बिहार के इतिहास में कुछ नाम केवल व्यक्तियों तक सीमित नहीं रहते, बल्कि अपने साथ एक पूरे दौर की पहचान और उसकी उपलब्धियों को समेटे होते हैं। नीतीश कुमारका नाम भी ऐसे ही व्यक्तित्वोंमें शुमार है, जिन्होंने बिहार की विकास यात्राको एक नई दिशा दी और राज्यकी पहचानको बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके नेतृत्वका दौर बिहारमें बुनियादी सुविधाओं के विस्तार, बेहतर कनेक्टिविटी और विकासकी नई संभावनाओंके लिए जाना जाएगा। श्री सिंह ने कहा कि कच्ची दरगाह-राघोपुरख़बिदुपुर छह लेन महासेतु नीतीश कुमारकी दूरदर्शी सोच और विक. ासके प्रति उनकी प्रतिबद्धता का परिणाम है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना को आकार देने में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। गंगा के दोनों किनारों को जोड़ने की यह परिकल्पना उनके उस व्यापक विकास दृष्टिकोणको दर्शाती है, जिसमें बिहारके हर क्षेत्र को बेहतर सड़क संपर्क और आधुनिक आधारभूत सुविधाओंसे जोड़ना प्राथमिकता रही है। उन्होंने कहा कि यह महासेतु उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच आवागमन को सुगम बनाने के साथ लाखों लोगों के जीवन में सुविधा और सहूलियत बढ़ाएगा। व्यापार, रोजगार और आर्थिक गति. विधियोंके विस्तारमें भी इसकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

छठ घाटों का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

इमामगंज (संसू)। लोक आस्था के महापर्व छठ को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह चौकस है। इसको लेकर बीडीओ संजय कुमार, सीओ सुकेश कुमार और नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी आशुतोष रंजन पाण्डेय,थानाध्यक्ष अमित कुमार ने संयुक्त रूप से प्रखंड व नगर पंचायत के कई प्रमुख छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान गुरिया- चुआवार के बीच मोरहर नदीमें पुल निर्माण कार्य के दौरान खोदे गए ग्ग्रों को लेकर अधिकारियों ने निर्माण कार्य में लगे कर्मियों को उन्हें सुरक्षित करने का निर्देश दिया। वहीं गंगटी गांव के पास सोरहर नदी पर बने पुल में से"टी गार्ड नहीं होने पर छठ पूजा समिति के सदस्योंको आवश्यक निर्देश दिए गए। बीडीओ ने बताया कि प्रमुख छठ घाटों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया है।

चौथे वनडे में भारत के खिलाफ मैट हेनरी ने लिये छह विकेट



माउंट माउंगानुई (एजेंसी)। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी ने भारत के खिलाफ चौथे वनडे में ऐसा प्रदर्शन किया, जिसे लंबे समय तक याद रखा जाएगा। उन्होंने पारी के पहले ही ओवर में रोहित शर्मा, विराट कोहली और कप्तान श्रेयस अय्यर को पवेलियन भेजकर भारतीय टीम की कमर तोड़ दी। इसके बाद हेनरी ने कुल छह विकेट लेकर भारत की पारी 89 रन पर समेटने में अहम भूमिका निभाई। न्यूजीलैंड ने यह मुकाबला 244 रन से जीता। हेनरी को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। हेनरी ने 9.4 ओवर में 27 रन देकर छह विकेट लिए। यह वनडे में उनका चौथा पांच विकेट हॉल है। उनके इस प्रदर्शन के साथ ही भारत के खिलाफ और न्यूजीलैंड के गेंदबाजों के कई रिकॉर्ड भी चर्चा में आ गए।मैट हेनरी ने 27 रन देकर छह विकेट लिए। भारत के खिलाफ वनडे में न्यूजीलैंड के किसी गेंदबाज का यह दूसरा छह विकेट वाला प्रदर्शन है। उनसे पहले शेन बॉन्ड ने 2005 में बुलावायो में भारत के खिलाफ 19 रन देकर छह विकेट लिए थे। हेनरी ने इस सूची में अपना नाम दूसरे स्थान पर दर्ज करा लिया।

बिहार सरकार

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय पश्चिम चम्पारण बेतिया (बिहार)

आम सूचना

अपहृत/लापता लड़का का हुलिया निम्न प्राकर हैः-

अपहृत/लापता लड़का का फोटो



नाम-बृजकिशोर कुमार

पिता-लालबाबू सिंह उम्र-25 वर्ष

रंग-काला

बाल का रंग- काला

आंख का रंग-काला,

दहिने कोहनी पर एक काला धब्बा

लम्बाई-05 फीट 03 इंच

नोटः- अपहृत सहोदरा थाना क्षेत्र जिला पश्चिम चम्पारण, (बेतिया) से लापता है। इनके सूचना मिलने पर निम्न पता एवं मोबाईल नम्बर पर सूचित करें।
1.पुलिस अधीक्षक पश्चिम चम्पारण, बेतिया मो0 नं0-9031826977
Email id- sp-bettiah-bih@nic.in.
2.थानाध्यक्ष सहोदरा थाना, जिला पश्चिम चम्पारण, बेतिया मो0 नं0-9031826965

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

पुलिस अधीक्षक,
पश्चिम चम्पारण, बेतिया

PR. No. 015221 (Police) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

प्रथम पृष्ठ का शेष

'नीतीश संवाद' में निशांत के...

अलग जिलों में मुख्य वक्ताओं की सूची जारी की गई है। इस सूची में पार्टी के सांसदों, मंत्रियों, विधायकों और वरिष्ठ नेताओं को अलग-अलग जिलों की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

सबसे दिलचस्प बात यह है कि इस सूची में केंद्रीय मंत्री ललन कुमार सिंह का नाम भी शामिल है। लेकिन उन्हें उनके गृह राजनीतिक क्षेत्र मुंगेर या राजधानी पटना में जिम्मेदारी देने के बजाय मुजफ्फरपुर जिले में मुख्य वक्ता के तौर पर तैनात किया गया है। यही बात अब राजनीतिक चर्चाओं का विषय बन गई है।

दरअसल, ललन सिंह बिहार की राजनीति में लंबे समय से एक मजबूत और प्रभावशाली चेहरा रहे हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के करीबी नेताओं में उनकी गिनती होती रही है। संगठन से लेकर सरकार तक उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही है। ऐसे में पार्टी के एक बड़े कार्यक्रम में उनकी जिम्मेदारी किस जिले में तय की जाती है, इस पर राजनीतिक नजरें टिकना स्वाभाविक है।

जेडीयू की ओर से जारी सूची में कई बड़े नेताओं को उनके राजनीतिक और संगठनात्मक प्रभाव वाले क्षेत्रों में जिम्मेदारी दी गई है। उदाहरण के तौर पर पटना जिले में संजय कुमार झा और मंत्री निशांत को जिम्मेदारी दी गई है। मुंगेर में मंत्री सुनील कुमार को मुख्य वक्ता बनाया गया है। वहीं, मुजफ्फरपुर जिले की जिम्मेदारी केंद्रीय मंत्री ललन सिंह को सौंपी गई है। फिलहाल, 24 नवंबर को होने वाले नीतीश संवाद कार्यक्रम पर सबकी नजरें रहेंगी। देखना दिलचस्प होगा कि ललन सिंह मुजफ्फरपुर में किस अंदाज में पार्टी का पक्ष रखते हैं और इस कार्यक्रम के बाद बिहार की सियासत में उनके राजनीतिक कद को लेकर चल रही चर्चाओं पर क्या असर पड़ता है।

नहाय-खाय के साथ शुरू...

की रोटी का भोग लगाया जाता है। हालांकि, स्थान-स्थान पर अरवा चावल का भात और चने की दाल का भी भोग लगाये जाने की परंपरा है। खरना को लोहंडा भी कहा जाता है। शनिवार को रात के पहले पहर में खरना का प्रसाद ग्रहण करने के साथ ही व्रतियों का निर्जला उपवास शुरू हो जायेगा। रात को खरना का प्रसाद ग्रहण करने के लिए व्रतियों के घर श्रद्धालुओं की गहमा-गहमी रहेगी।

राजधानी पटना में पतितपावनी गंगा के घाटों पर व्रतियों के लिए खास बंदोबस्त किये गये हैं। रौशनी से घाट जगमग हैं। सुरक्षा के भी खास बंदोबस्त हैं। ऐसी ही व्यवस्था तालाबों के किनारे भी है। घाटों को खास तरह से सजाया गया। घाटों पर छठी मइया की आराधना के गीत बज रहे हैं। घाटों पर जाने वाले सड़कों की भी साफ-सफाई चल रही है। उसे सिरिंज बल्ब से सजाया जा रहा है।

शिवनाथ प्रसाद सहित बिहार...

करने का निर्देश दिया गया है।शिक्षा विभाग ने समिति के अध्यक्ष एवं सचिव को आदेश का अनुपालन करने तथा वित्तीय अनुशासन बनाये रखने का निर्देश दिया है। सक्षम प्राधिकार ने फंडामेंटल रूल्स के नियम 56 (ए) के तहत इन पदाधिकारियों को सेवामुक्त करने की मंजूरी दी है। आपको याद दिला दूं कि शिक्षा विभाग द्वारा बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के सचिव के पद पर संजय कुमार चैधरी पहले ही पदस्थापित किये जा चुके हैं। श्री चौधरी बिहार शिक्षा सेवा के प्रशासनिक संवर्ग के वरिष्ठ पदाधिकारी हैं। भारतीय प्रशासनिक सेवा के डॉ. त्यागराजन एस. एम. की केंद्र में प्रतिनियुक्ति के बाद पटना प्रमंडल के आयुक्त बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष के प्रभार में हैं।

'नीतीश सेतु' के नाम से जाना...

पूरा होने में लगभग 10 साल का समय लग गया है. बिहार महागठबंधन की जब सरकार थी, उस समय इसके निर्माण की शुरुआत हुई थी. इस पुल की चौड़ाई 32 मीटर है. इस पर वाहन 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती है.उत्तर और दक्षिण बिहार को आपस में जोड़ने वाला यह 9.75 किलोमीटर लंबा अत्याधुनिक पुल बनकर तैयार हो चुका है. पटना जिले में एनएच-30 (कच्ची दरगाह) और वैशाली जिले में एनएच-103 (बिदुपुर) के बीच गंगा नदी पर बने इस पुल की कुल लंबाई पहुंच पथ (अप्रोच रोड) को मिलाकर 19.76 किलोमीटर है.

इस 6-लेन ग्रीनफील्ड परियोजना के पहले चरण के तहत कच्ची दरगाह से राघोपुर दियारा तक 4.57 किलोमीटर हिस्से का उद्घाटन पहले ही हो चुका है, जिससे स्थानीय लोगों का सफर काफी आसान हुआ है.

यह आधुनिक 6-लेन गंगा सेतु पटना के सबलपुर को वैशाली के बिदुपुर (एनएच-103) से जोड़ेगा और इसका सीधा संपर्क पटना-बख्तियारपुर बाईपास (एनएच-30) से स्थापित होगा. इस पुल के पूरी तरह चालू होने के बाद राजधानी पटना, वैशाली और पूरे उत्तर बिहार के बीच यातायात बेहद सुगम, तेज और बिना किसी रुकावट के संभव हो सकेगा. बेहतर सड़क संपर्क बनने से क्षेत्र में व्यापार, निवेश और सामाजिक-आर्थिक विकास को जबरदस्त बढ़ावा मिलेगा, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे.

मणिपुर में उग्रवादियों ने फायरिंग...

की विंडशील्ड पर गोलियों के निशान साफ देखे जा सकते हैं। इससे पहले कांगपोकपी के तापहोउ कुकी गांव और पड़ोसी सेनापति जिले के कैलेजंग के पास के इलाके में दो विरोधी गुटों के बीच गोलीबारी हुई थी। इस दौरान 42 वर्षीय एक कुकी महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई, जबकि दो पुरुष घायल हो गए। मणिपुर में, मई 2023 में घाटी में रहने वाले मैतेई और पहाड़ी इलाकों में रहने वाले कुकी समुदायों के बीच शुरू हुए जातीय संघर्ष में अब तक कम से कम 306 लोगों की जान जा चुकी है। वहीं इस संघर्ष में 49 लोग लापता और हजारों लोग बेघर हो गए हैं। इस साल फरवरी से पहाड़ी जिलों में कुकी और नागा समुदायों के बीच हुई झड़पों में कम से कम 50 लोग मारे गए हैं।

एसीबी की छापामारी में 25 करोड़ की...

की संपत्ति का पता चला है। काली कमाई से अजर्ति धन में आलीशान विला, कृषि भूमि, कई प्लॉट, सोना और अन्य निवेश शामिल हैं।

एसीबी की सेंट्रल इन्वेस्टिगेशन यूनिट ने 'प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट' के तहत नगरकुर्नूल जिले के सिंचाई और कमांड एरिया डेवलपमेंट विभाग में डिप्टी एग्जीक्यूटिव इंजीनियर, आर. सत्यनारायण (44) के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया है। गुरुवार को एसीबी ने एक साथ 10 जगहों पर छापामारी की।

जाकिर नाइक के खिलाफ गृह...

समुदायों के बीच दुश्मनी, नफरत और द्वेष फैलाने के लिए उकसा रहे थे। इस काम में उनकी मदद भी कर रहे थे।सरकार का मानना है कि ऐसी गतिविधियां देश की अखंडता और सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करती हैं। अधिसूचना में नाइक के भाषणों और बयानों को 'भड़काऊ और विध्वंसक' भी बताया गया है। इसमें आरोप लगाया गया है कि नाइक धार्मिक नफरत फैला रहा था और भारत तथा विदेशों में एक विशेष धर्म के युवाओं को आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने के लिए उकसा रहा।

गोरौल : विषपान...

उनके निधन के बाद परिवार की जिम्मेदारी उनके इकलौते पुत्र राहुल कुमार पर थी। बताया जाता है कि श्यामनंदन सिंह अपने पीछे करीब 30 कट्ठा जमीन छोड़ गए थे। राहुल कुमार पिछले कई महीनों से परिवार की जमीन बेच रहा था। अब तक वह लगभग एक एकड़ जमीन बेच चुका था। ग्रामीणों के अनुसार, बीते 7 नवंबर को भी राहुल कुमार ने चार कट्ठा जमीन बेच दी थी इसके बाद वह घर से चला गया। बताया जाता है कि उक्त जमीन काफी कीमती थी और परिवार के पास वही बची हुई थी। जमीन बेचे जाने की जानकारी मिलने पर परिवार के सदस्यों ने महुआ निबंधन कार्यालय से जमीन के दस्तावेजों की नकल निकलवाई। इसके बाद उन्हें जमीन की बिक्री की जानकारी हुई। लोगो का कहना है कि जमीन को लेकर परिवार में पहले से ही विवाद और कहासुनी होती रहती थी। राहुल के निजी संबंधों को लेकर भी परिवार में तनाव रहने की चर्चा ग्रामीणों के बीच है। बताया जाता है कि घटना गुरुवार की देर रात की है। शुक्रवार की सुबह जब काफी देर तक घर से कोई सदस्य बाहर नहीं निकला तो आसपास के लोगों को संदेह हुआ। इसके बाद ग्रामीण घर के अंदर पहुंचे. वहां परिवार के चारों सदस्य अचेत अवस्था में मिले। तीन लोगों की मौत हो चुकी थी, जबकि रिषिका की हालत गंभीर थी। आनन-फानन में किशोरी को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में लोगों की भीड़ जुट गई। एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत की खबर से हर कोई स्तब्ध रह गया। घटनास्थल पर मौजूद ग्रामीणों और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई है। सूचना मिलते ही गोरौल थानाध्यक्ष सुनील कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, हाजीपुर भेज दिया। वहीं, वैज्ञानिक जांच टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। घटना के बाद अस्पताल में सन्नाटा पसर गया।

मेरा फोन टैप किया...

बीजेपी संसद में बहस के लिए तैयार है तो वह सार्वजनिक बहस पर जोर क्यों दे रहे हैं. इस पर उन्होंने कहा कि लोकसभा में उन्हें बोलने नहीं दिया जाता और उनका माइक बंद कर दिया जाता है.राहुल गांधी ने कहा कि उन्हें कृषि कानूनों, वोट चोरी, एसआईआर, चीन, जनरल नरवणे की किताब और एपस्टीन जैसे मुद्दों पर बोलने नहीं दिया गया. उन्होंने कहा कि वह लंबे भाषणों वाली बहस नहीं चाहते, बल्कि सीधी बातचीत चाहते हैं, जिसमें दोनों नेता एक-दूसरे से सवाल-जवाब कर सकें.

विकसित भारत का निर्माण...

समय में हो रहा है, जब देश में उत्सवों का माहौल है. दो-तीन दिन पहले दीपावली मनाई गई और अब छठ महापर्व की छटा छाई हुई है. उन्होंने कहा कि छठ का पर्व कृषि जीवन से बहुत गहराई से जुड़ा हुआ है.

पीएम मोदी ने कहा कि भारत में अधिकतर त्योहार खेती-किसानी से जुड़े हैं. बिहू, पोंगल, ओणम, बैसाखी और सरहुल जैसे कई त्योहार इसका उदाहरण हैं. खेती-किसानी हमारी संस्कृति, परंपरा और सामाजिक जीवन का आधार है. पीएम मोदी ने कहा कि उन्होंने लाल किले से विकसित भारत के लिए शक्ति की सप्तधारा पर चर्चा की थी, जिसमें कृषि एक प्रमुख धारा है. विकसित भारत का निर्माण खेती को विकसित किए बिना, कृषि को स्मार्ट बनाए बिना और किसानों को सशक्त किए बिना संभव नहीं है.प्रधानमंत्री ने खेती और देश की प्रगति के संबंध को समझाते हुए वर्ल्ड बैंक की एक स्टडी का जिक्र किया. उन्होंने कहा कि इस स्टडी में बताया गया है कि सिर्फ 12-13 वर्षों में भारत के 50 करोड़ गरीबों ने गरीबी को परास्त किया है. पीएम मोदी ने कहा कि इस स्टडी में यह भी बताया गया है कि गांवों में तेजी से गरीबी कम हुई है. यानी बड़ी संख्या में छोटे किसानों और खेत मजदूरों ने गरीबी को हराया है.

पीएम मोदी ने ...

कनेक्टिविटी और ऊर्जा सुरक्षा पर केंद्रित 15,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की शुरुआत की जा रही है। मेट्रो और रेलवे से जुड़ी पहलों से लेकर ऊर्जा सुरक्षा से संबंधित कार्यों तक, ये सभी परियोजनाएं कर्नाटक के बुनियादी ढांचे में नई जान फूंक देंगी। पिछले एक दशक में उठाए गए कदमों ने देश को मध्य पूर्व में युद्ध के दौरान पैदा हुए संकट से उबरने में मदद की। उन्होंने आगे कहा कि बंगलूरू भारत की 'सिलिकॉन वैली' है। देश के आईटी निर्यात में इसका योगदान एक-तिहाई से भी अधिक है। यह शहर भारत में नवाचार और आर्थिक विकास का एक प्रमुख इंजन है। इसलिए, बंगलूरू क्षेत्र का तेजी से विकास और आधुनिक सार्वजनिक बुनियादी ढांचे का विस्तार केंद्र सरकार की मुख्य प्राथमिकताओं में शामिल है।

118.	854/24	उत्पाद	705/24	बंजारी मालखाना	मोटरसाईकिल	BR29K3810	ME4JC36CLB8367 346	JC36E2568736	अवधकिशोर शर्मा पिता-श्री राधेश्याम शर्मा, सा0-पचबरवॉ, अन्दर जिला-सिवान	2012	7218	1444
119.	1043/24	उत्पाद	692/24	बंजारी मालखाना	मोटरसाईकिल	BR28E0519	ME4JC472AA8000 591	JC47E0000747	आनन्द प्रसाद शुक्ला, पिता-सुरेन्द्र नाथ शुक्ला, सा0-सोनहुला डोमर, गोपालपुर, गोपालगंज।	2011	7218	1444
120.	233/25	उत्पाद	23/25	बंजारी मालखाना	मोटरसाईकिल	BR29AV1689	MD637GE52N2K1 2246	GE5KN2911985	सुरज कुमार पिता-लालबहादुर सिंह, सा0-श्रीनगर, फुलवरियो, गोपालगंज।	2022	42647	8530
दिनांक 29.10.2026 को हुए चतुर्थ नीलामी में बचे शेष वाहनों का पंचम नीलामी												
121.	1791/24	विशम्भरपुर	148/24	विशम्भरपुर थाना	Motor Cycle	BR05J9275	MBLJA05EGC9D0308 6	JA05EBC9C02790	रामबाबु चौधरी पिता-श्री ब्रह्मदेव चौधरी सा0-बैरिया डीह, मोतिहारी	2012	11340	2268
122.	660/25	विशम्भरपुर	100/25	विशम्भरपुर थाना	Motor Cycle	BR22AM2108	MBLHAW085KHF114 76	HA10AGKHF17440	रीना देवी पति-गोरख पासवान सा0-कमल पिपरा, पहाडपुर, पूर्वी चम्पारण।	2019	22680	4536
123.	270/25	विशम्भरपुर	06/25	विशम्भरपुर थाना	Motor Cycle	BR05W2894	MBLJAR033H9C1622 5	JA05EGH9C18652	देवलाल सहनी पिता-रामसुरत सहनी, सा0-पकडिया, मोतिहारी	2017	12150	2430
124.	492/25	विशम्भरपुर	56/25	विशम्भरपुर थाना	Motor Cycle	BR28Z0196	MBLJAW157MGF016 44	JA07ACMGF01251	श्रीराम महतो पिता-लाल बहादुर महतो, सा0-बंजारी नया टोला, गोपालगंज।	2021	28350	5670
125.	280/25	विशम्भरपुर	25/25	विशम्भरपुर थाना	Motor Cycle	BR29R2228	MBLJA12ACEGE0311 1	JA12ABEGE03641	राजेन्द्र मिश्रा पिता-नथुनी मिश्रा, सा0-मठिया दाया राम गोपालगंज।	2014	12960	2592
126.	215/25	विशम्भरपुर	183/24	विशम्भरपुर थाना	Motor Cycle	BR28F2214	MD2A14AZ6CPF8830 7	JBZPCF46282	रुसतम अली पिता-हालीन मियॉ, सा0-नरकटिया, गोपालगंज।	2012	10530	2106
127.	300/25	विशम्भरपुर	13/25	विशम्भरपुर थाना	Motor Cycle	BR28Y9982	ME4JC831GMD06264 7	JC83ED0142935	संतोष साह पिता-रामजी साह, सा0-वार्ड नं0-9 मीरगंज, गोपालगंज।	2021	28350	5670
128.	219/25	विशम्भरपुर	186/24	विशम्भरपुर थाना	Motor Cycle	BR29L2388	MD2A18AZ8CRF2801 0	DZZRCF27625	चंदा देवी पति-रमेश पाण्डेय सा0-सबेया, मीरगंज गोपालगंज।	2012	10530	2106
129.	883/25	विशम्भरपुर	103/25	विशम्भरपुर थाना	e-Rickshaw	BR22ER4515	M8ERZNPH23WB051 968	TMM051968	मंटू साह पिता-असरफी साह, सा0-सुगौली, पूर्वी चम्पारण।	2024	48600	9720
130.	878/25	विशम्भरपुर	180/24	विशम्भरपुर थाना	Motor Cycle	BR22V6288	MBLJA06AXGHL1915 0	JA06EPGHL19227	अभय कुमार राय पिता-बैधयानाथ यादव सा0-गोबरधना, बेतिया।	2017	11340	2268
131.	661/25	विशम्भरपुर	95/25	विशम्भरपुर थाना	Motor Cycle	BR29X1447	MBLJA12ACGGH0039 5	JA12ABGGH00251	सिमा देवी पति-जगम्बा राम सा0-तेतरिया कटेया, गोपालगंज।	2016	9720	1944
132.	806/24 1314/24	कुचायकोट	275/24	कुचायकोट थाना	Motor Cycle	BR28R8990	MBLHAR059H4E0927 9	HA11EP4E08904	मुन्ना यादव पिता-रामचन्द्र चौधरी सा0-सहदुलेपुर, गोपालगंज।	2017	11340	2268
133.	545/24 854/24	कुचायकोट	160/24	कुचायकोट थाना	Motor Cycle	BR04C7172	05G16C03889	N/A	N/A	NA	2835 Scrap	567
134.	1136/23	कुचायकोट	437/23	कुचायकोट थाना	Motor Cycle	BR06DA7762	MBLJAW155N9F3194 3	JA07AFN9F04871	प्रमोद कुमार झा पिता-कृष्ण बलम झा, सा0-महम्मदपुर, मुजफ्फरपुर	2022	32400	6480
135.	1085/23	कुचायकोट	492/23	कुचायकोट थाना	Motor Cycle	BR05E7566	MD2DSPAZZSWH383 92	N/A	N/A	NA	2835 Scrap	567
136.	243/25 309/25	कुचायकोट	549/25	कुचायकोट थाना	Motor Cycle	BR28AA7573	MD2A76AX1NRM596 94	PFXRNM40133	प्रिंस कुमार पिता-नागेन्द्र प्रसाद, सा0-कुचायकोट, गोपालगंज।	2022	29970	5994
137.	742/24 1181/24	कुचायकोट	299/24	कुचायकोट थाना	Motor Cycle	BR28E5958	MD2DSJZZZUPK6934 2	JZUBUK89698	विरेन्द्र चौबे पिता-स्व0 बाबुनन्द चौबे, सा0-बघउच कुचायकोट, गोपालगंज।	2012	9720	1944
138.	595/25	विजयीपुर	11/25	विजयीपुर थाना	Motor Cycle	BR28AF7507	MD2A76AX8RPG498 84	PFXPRG34390	हरिओम तिवारी पिता-संतोश तिवारी सा0-बभनौली, गोपालगंज।	2024	32400	6480
139.	521/25	विजयीपुर	63/25	विजयीपुर थाना	Motor Cycle	BR28AE0384	MD634BE85R2AA518 2	AE8AR25L6638	राबडी देवी पति-ललन बीन सा0-इजरा, कटेया, गोपालगंज।	2024	64800	12960
140.	593/25	विजयीपुर	64/25	विजयीपुर थाना	Motor Cycle	BR28J7869	MBLKC14AAEGE0242 7	KC12EEEGE12894	सरफराज अख्तर पिता-मनौवर हवारी, सा0-छितौली, गोपालगंज।	2014	12150	2430
141.	257/24 896/24	कटेया	157/24	कटेया थाना	Motor Cycle	BR28H8243	MBLJA12ACDGM171 17	JA12ABDGM21601	मनोज मांझी, पिता-ललन मांझी, सा0-कबीलासपुर, गोपालगंज।	2014	10530	2106
142.	232/25 345/25	उत्पाद	24/25	उत्पाद थाना	Tractor	BR29GC0663	T053507871GJ	E3571109	छोटक सिंह पिता-रामविजय सिंह, सा0-बडी देवरिया, रेपुरा, गोपालगंज।	2025	437400	87480
143.	630/24 986/24	उत्पाद	511/24	उत्पाद थाना	E rickshow	BR28ER3758	M1YDECB07823K877 9	DEAYM38779	तारकेश्वर साह पिता-रामनाथ साह, सा0-गुलाम हुसैन टोला, मांझा, गोपालगंज।	2023	68040	13608
144.	484/25 814/25	उत्पाद	248/25	उत्पाद थाना	Motor Cycle	BR33BJ4832	ME4JC942KRG59774 1	JC94EG2272896	पवन कुमार पिता-दीनेश राय सा0-हसनपुर समस्तीपुर।	2024	56700	11340
145.	2119/23	मीरगंज	455/23	मीरगंज थाना	Motor Cycle	BR28V0253	MBLHAW061K9B195 24	HA11EPK9B29274	धर्मनाम महतो पिता-स्व0 गोपाल महतो, सा0-एकडांगा टोला, मीरगंज, गोपालगंज।	2019	17010	3402
146.	2012/23	मीरगंज	404/23	मीरगंज थाना	Motor Cycle	BR29Q5852	MBLHA10A6DHM037 71	HA10ENDHM73724	राजन सिंह पिता-रामविलास सा0-सारना मठिया, सिवान।	2014	10530	2106

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

समाहर्ता -सह- जिला दण्डाधिकारी, गोपालगंज

PR. No. 015266 (Excise) 2026-27

सुरक्षित जीवन अपनाओ, अपनी नियमित एच.आई.वी. जाँच कराओ।

स्वत्वाधिकारी : ज्ञानमंडल प्रा. लिमिटेड के लिए **शिवशंकर दूबे** द्वारा शाश्वत प्रिण्टर्स यन्त्रालय, मजहरुल हक पथ, पटना से मुद्रित तथा शाश्वत प्रिण्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, मजहरुल हक पथ, पटना-८०००० १ से प्रकाशित

सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त
प्रबंध सम्पादक एवं व्यवस्थापक : **शशि शुक्ला**
स्थानीय सम्पादक : **दीपक पांडेय**

वाराणसी : संत कबीर मार्ग, **गोरखपुर :** बैंक रोड, **प्रयागराज :** 3, लीडर रोड, **कानपुर :** बासमंडी, **झांसी :** झोंकनबाग, **लखनऊ :** 1, जांपलिंग रोड, **आगरा :** महात्मा गांधी रोड, **बरेली :** रोड नं. 3, परसाखेड़ा, **रांची :** नामकुम इंडस्ट्रीयल एरिया, **जमशेदपुर :** न्यू काली माटी रोड, साकची

वर्ष-३१ संख्या-०९७३९४२
आर.एन.आई. रजिस्ट्रेशन सं. ३३४४३/७९

पीबीएक्स : २२३५०७०-७१, ७२
स्थानीय समाचार डेस्क : २२३५०७०
इ-मेल : **patnaaj@gmail.com**
पटना जीपीओ रजिस्ट्रेशन संख्या :
R-10/NP-16/2019-22

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचार के चयन के लिए **स्थानीय सम्पादक** जिम्मेदार होंगे एवं समस्त विवाद पटना न्यायालय के अधीन होगा।